कार्यालय प्राचार्य,शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,रामानुजगंज
जिला –बलरामपुर–रामानुजगंज(छ0ग0)497220
(संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर से संबध्दता प्राप्त)
Website –www.glspgcr.in Email – cgglsc@gmail.com Mob.8319356733
AISHE Code- C-9753 Accredited by NAAC COLLEGE Code 3601

रामानुजगंज दिनांक 12.07.2024

क्रमांक / 162 / स्था. / 2024

## / / अतिथि व्याख्याता के रूप में अध्यापन हेतु विज्ञापन / /

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के आदेश क्र. 574 / 126 / आउशि / राज.स्था. / 2024 दिनांक 06.07.2024 के आदेशानुसार अतिथि व्याख्याता हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक तथा योग्य **उम्मीदवार दिनांक 22.07.2024 को सायं 05:00 बजे तक** पंजीकृत डाक से अथवा स्वयं महाविद्यालय के कार्यालय अवधि में उपस्थित होकर आवेदन जमा कर प्राप्ति रसीद प्राप्त करेंगे। सम्पूर्ण योग्यता तथा चयन प्रक्रिया **"अतिथि व्याख्याता नीति 2024"** के परिपालन में किया जाएगा। अतिथि व्याख्याता नीति 2024 का अध्ययन महाविद्यालय के सूचना पटल/ वेबसाइट www.glspgcr.in से किया जा सकता है। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार हैः–

| रिक्त पदों का विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. | विषय | प्राध्यापक | सहा. प्राध्यापक | रिमार्क |
| 1 | समाजशास्त्र | 01 | 00 | |
| 2 | राजनीतिशास्त्र | 01 | 00 | |
| 3 | वनस्पतिशास्त्र | 01 | 00 | |
| 4 | प्राणीशास्त्र | 01 | 00 | |
| 5 | वाणिज्य | 00 | 01 | |
| 6 | अंग्रेजी | 00 | 01 | |
| 7 | अर्थशास्त्र | 00 | 01 | |
| 8 | कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 00 | 01 | |
| 9 | भौतिक | 00 | 01 | |
| | योग– | **04** | **05** | |
| | | | | |
| 10 | क्रीड़ा अधिकारी | **01** | | |

टीपः– संबंधित विषयों में नवीन नियुक्ति / नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरूप पद भर जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत अतिथि व्याख्याता की सेवा स्वतः समाप्त हो जावेगी।

शर्तेः–

01. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट / नेट, एम.फिल. / पी–एच.डी. अनुभव प्रमाण संलग्न करें।
02. दिनांक 22.07.2024 तक कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है। प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुक्रम सूची में शामिल किया जावेगा। ई–मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा। वर्तमान में आफलाईन अथवा डॉक के माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जा रहे है। भविष्य में आवेदन स्वीकार की इस प्रक्रिया में आनलाईन पोर्टल तैयार होने पर आवश्यकतानुसार परिवर्तन स्वीकार होगा।
03. अंतिम तिथि तक महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।

12/07/24

04. प्राप्त आवेदनों की पदवार अंनतिम मैरिट सूची का प्रकाशन दिनांक 23.07.2024 को महाविद्यालय के सूचना
पटल व वेबसाईट www.glspgcr.in पर प्रकाशित किया जायेगा।

05. गुणानुक्रम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की तिथि 26.07.2024 तक होगी।

06. अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 29.07.2024 को किया जायेगा। जिसका अवलोकन महाविद्यालय की वेबसाईट
अथवा सूचना पटल में किया जायेगा।

07. आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध
पुलिस/न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य
शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में नहीं है एवं पूर्व में किसी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में शिकायत/कार्य
संतोषजनक नहीं पाये जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवायें समाप्त नहीं की गई है।

08. आवेदन उपरांत संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होता है,
तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

09. अतिथि व्याख्याताओं एवं अन्य की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।

10. अतिथि व्याख्याताओं के अंतर्गत देय मानदेय "अतिथि व्याख्याता नीति 2024" के अनुसार देय होगा।

11. आवेदक वंद लिफाफे के ऊपर पत्राचार का पता प्राचार्य, शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं
आवेदित विषय/पद आवश्यक रूप से लिखे।

12. इस विज्ञापन के तहत व्यवस्था किए गए अतिथि व्याख्याता एवं अन्य को महाविद्यालय स्थापना के अंतर्गत नहीं
माना जायेगा और वे लोक–सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक–सेवक नहीं कहलायेंगे।

13. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

14. संस्थान में इस व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत, यदि लगातार 15 दिवस तक अनुपस्थित रहता है तो उनकी व्यवस्था
स्वतः समाप्त हो जायेगी।

15. इन्हें सर्वत्र अनुशासन वनाए रखना होगा तथा संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

16. कक्षाओं के संचालन के साथ–साथ संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार अध्यापन के अतिरिक्त कार्य यथा प्रवेश, परीक्षा,
छात्रसंघ चुनाव, योजनाओं का संचालन, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रीडा गतिविधियां, युवा उत्सव,
आंतरिक परीक्षाओं का संचालन एवं मूल्याकंन, नैक मूल्याकंन संबंधी कार्यों में भी सहायोग प्रदान करेंगे।

17. यदि कार्य अवधि के शैक्षणिक सत्र में इनकी अध्यापन कार्य संबंधी अथवा अन्य शिकायतें प्राप्त होती है तो सेवाएं
तत्काल समाप्त की जा सकेगी तथा वे आगामी शैक्षणिक सत्रों में अध्यापन कार्य हेतु पात्र नहीं होंगे।

(डॉ. आर. बी. सोनवानी)
प्राचार्य
शा0 लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामानुजगंज जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)
रामानुजगंज दिनांक 12.07.2024

पृ. क्रमांक/ /स्था./2024

प्रतिलिपिः–

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर को सूचनार्थ।
2. क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा, सरगुजा संभाग, अम्बिकापुर को सूचनार्थ।
3. कलेक्टर, जिला बलरामपुर–रामानुजगंज को सूचनार्थ।
4. संबंधित समाचार पत्र–पत्रिका ........................................ में प्रकाशन हेतु।
5. कार्यालयीन प्रति।
6. नोटिस बोर्ड चस्पा व वेवसाईट www.glspgcr.in

(डॉ. आर. बी. सोनवानी)
प्राचार्य
शा0 लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामानुजगंज जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)